14.09 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

Title: Need to introduce Boeing air service from Jabalpur, Madhya Pradesh

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जबलपुर विमानतल का करोड़ों की लागत से विस्तार किया गया है परन्तु राष्ट्रीय हवाई मार्ग एवं बोइंग विमान-सेवा न उपलब्ध होने के कारण हवाई यातायात के पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

वर्तमान में जो हवाई-सेवा जबलपुर में उपलब्ध है, वह छोटा 13 सीटर डोनियर विमान है। इस कारण यात्रियों को हमेशा पांच-पांच दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बड़े विमान के लिये यात्री भी उपलब्ध है इसलिए जबलपुर में बोइंग विमान-सेवा की अत्यन्त आवश्यकता है।

यदि यहां से दिल्ली-जबलपुर-रायपुर, भोपाल, नागपुर हवाई सेवा प्रारम्भ कर दी जाये तो यात्रियों को मुम्बई, कलकत्ता, मद्रास और नागपुर से अनेक सेवाओं का लाभ मिल सकता है। जबलपुर में विश्व विख्यात पर्यटक स्थल है। उन क्षेत्रों में भी विकास हो सकता है।